# विकास आयुक्त कार्यालय
## मध्यप्रदेश भोपाल
## –संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक–03 (10–11)
(तृतीय आमंत्रण)

क्रमांक 168 /22/ वि–10/ग्रायांसे/10, भोपाल, दिनांक 21 /06/10

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु मोहर बंद निविदायें फार्म "ए" पर ग्रामीण यात्रिकी सेवा अथवा कार्यविभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल, सेनेटरी फिटिंग एवं वाटर सप्लाई कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की दि0 12.04.2010 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग की दिनांक 01.04.08 से लागू दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग संबंधित जिला के कार्यालय में दि0 09.07.2010 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कोरे निविदा प्रपत्र दि0 08.07.2010 तक कार्यपालन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग संबंधित जिला के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | विकास खण्ड | जिला | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | के.जी.बी.व्ही. छात्रावास सह विद्यालय, ढोवलाझिरी | अलीराजपुर | अलीराजपुर | 70.00 लाख | 70,000/– | 10000/– | 11 माह वर्षा काल सहित | अ–3 एवं उच्च |
| 2 | के.जी.बी.व्ही. छात्रावास, रोटला | रामा | झाबुआ | 69.65 लाख | 69700/– | 10000/– | 11 माह वर्षा काल सहित | अ–3 एवं उच्च |

नोटः– यह संक्षिप्त निविदा है। कार्य संबंधी विवरण एवं निविदा की शर्ते आदि संबंधित जिले के कार्यपालन यंत्री ग्रा0या0से0 संभाग के कार्यालय में देखी जा सकती है। विस्तृत सूचना बेबसाईट **www.nregs-mp.org** पर भी प्रदर्शित है।

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
मध्यप्रदेश भोपाल

# विकास आयुक्त कार्यालय
## मध्यप्रदेश भोपाल
## –विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक–03 (10–11)
## (तृतीय आमंत्रण)

क्रमांक 168 /22/ वि–10/ग्रायांसे/10, भोपाल, दिनांक 21 /06/10

म0प्र0 के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु मोहर बंद निविदायें फार्म "ए" पर ग्रामीण यात्रिकी सेवा अथवा कार्यविभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल, सेनेटरी फिटिंग एवं वाटर सप्लाई कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की दि0 12.04.2010 से प्रभावशील दर अनुसूची एवं आंतरिक विद्युतीकरण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग की दिनांक 01.04.08 से लागू दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) के आधार पर कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग संबंधित जिला के कार्यालय में दि0 09.07.2010 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कोरे निविदा प्रपत्र दि0 08.07.2010 तक कार्यपालन ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग संबंधित जिला के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | विकास खण्ड | जिला | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | के.जी.बी.व्ही. छात्रावास सह विद्यालय, ढोवलाझिरी | अलीराजपुर | अलीराजपुर | 70.00 लाख | 70,000/– | 10000/– | 11 माह वर्षा काल सहित | अ–3 एवं उच्च |
| 2 | के.जी.बी.व्ही. छात्रावास, रोटला | रामा | झाबुआ | 69.65 लाख | 69700/– | 10000/– | 11 माह वर्षा काल सहित | अ–3 एवं उच्च |

निविदा की सामान्य शर्ते :–

1.डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मंगवाने पर रू0 50/– अतिरिक्त डाक का वास्तविक व्यय देना होगा। पोस्ट कार्यालय द्वारा डाक विलंब के लिये कार्यालय जिम्मेदार नही होगा।

2. ऐसे ठेकेदार जिन्होने शासकीय विभागो अथवा शासकीय उपक्रमों में गत तीन वर्षो में एक भवन कार्य रू. 25 लाख मूल्य का भवन कार्य सफलतापूर्वक संपादित किया हो, वे ही निविदा देने हेतु सक्षम होंगे। कार्यविभागों में पंजीकृत ठेकेदार को अनुबंध से पूर्व ग्रमीण यांत्रिकी सेवा में सक्षम श्रेणी में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। निविदा स्वीकृति के एक माह के अंदर पंजीयन कराना होगा। निविदा की वैधता के अदंर पंजीयन कराकर अनुबंध संपादित न करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात कर ली जावेगी। ऐसे ठेकेदार जिन्होने पूर्व में विभाग में कार्य लिये और अपूर्ण अवस्था में छोड़ दिये अथवा कार्य प्रारंभ ही नही किये उन्हें निविदा प्रपत्र विक्रय नही किये जावेंगे। ठेकेदार द्वारा पंजीयन की मूल प्रति, भागीदारी विलेख तथा पावर आफ अटार्नी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

3. निविदा मुहरबंद तीन लिफाफों में अलग–अलग स्वीकार की जावेगी, यथा प्रथम लिफाफा अमानत की राशि का, द्वितीय लिफाफा तकनीकी प्रस्ताव का तथा तृतीय लिफाफा वित्तीय प्रस्ताव का प्रस्तुत करना होगा।

4. पूर्ण निविदा प्रस्ताव दिनांक 09.07.2010 को अपरान्ह 3.00 बजे तक स्वीकार किये जावेगें तथा दिनांक 09.07.2010 को अमानत की राशि का प्रस्ताव खोले जावेंगे। पात्र निविदाकारों के तकनीकी प्रस्ताव दिनांक 12.07.2010 को 2.00 को अपरांह कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग (संबंधित जिला) के कार्यालय में खोले जावेगे।

5. तकनीकी प्रस्ताव उपयुक्त पाये जाने वाले निविदा कारों के वित्तीय प्रस्तावों को दिनांक 12.07.2010 को अपरान्ह 5.00 बजे कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग (संबंधित जिला) में खोला जावेगा।

6. निविदा क्रय करते समय पंजीयन की प्रतिलिपि एवं नवीन वैद्य सालवेंसी, वाणिज्य कर विभाग का चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। उक्त दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर निविदा प्रपत्र विक्रय नही किये जावेंगे।

7. सशर्त, कटी–फटी अथवा ओव्हर राईटिंग लिखाई की निविदा मान्य नही की जावेगी। ठेकेदार कार्यस्थल का निरीक्षण निविदा देने के पूर्व कर लेवें।

8. निविदा स्वीकृत करने व अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।

9. निविदा कार्य में किसी भी प्रकार का विलंब होने पर अथवा किन्ही भी परिस्थितियों में मूल्य वृद्वि देय नही होगी।

10. अंतिम देयक के भुगतान के पूर्व खनिज गौण संपदा का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, तभी अंतिम भुगतान किया जावेगा।

11. ठेकेदार प्रदत्त निविदा के साथ अमानत राशि प्रस्तुत करें। पूर्व निविदाओं की राशि समायोजित नही की जावेगी। अमानत राशि अलग से मोहरबंद लिफाफे में देनी होगी। यह राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जमा फिक्स डिपॉजिट जो कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा छतरपुर के पक्ष में देय हो तथा कार्यावधि के लिये जमा हो, मान्य की जावेगी।

12. कार्य में प्रयुक्त सामग्री का उपयोग संलग्न मेनडेटरी टेस्ट सूची अनुसार प्रयोगशाला परीक्षण कराये जाने के उपरांत किया जावे।

13. निर्माण कार्य के स्पेसीफिकेशन में फेरबदल करने का अधिकार संबंधित कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को होगा।

14. विभाग द्वारा निर्धारित स्पेशीफिकेशन के अनुसार निर्माण  कार्य संपादित कराना अनिवार्य होगा।

15. निविदा से संबंधित किसी भी वाद पर अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अंतिम होगा। साथ ही बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का

अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

16. श्रम संविदा एक्ट के अतंर्गत वैद्य लेबर लायसेन्स प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं श्रम विभाग द्वारा निर्धारित दरों पर मजदूरी का भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

17. संबंधित ठेकेदार का लायसेंस बोर्ड का ए क्लास लायसेंसी होना अथवा बिजली कार्य हेतु ए क्लास लायसेसी का ठेकेदार से संबद्ध होना आवश्यक होगा। (तद्‌आशय का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा)।

18. **निविदा की विशेष शर्त :–**

निर्माण कार्यों (डामरीकृत मार्ग को छोड़कर) हेतु परफार्मेन्स एण्ड डिफेक्ट लायबिलिटी की गारंटी अवधि, कार्य की वास्तविक पूर्णता तिथि के पश्चात् 24 माह तक एवं डामरीकृत मार्ग हेतु 36 माह तक रहेगी। गारंटी अवधि में ठेकेदार को देय राशि की, कुल 10 प्रतिशत राशि अंतिम भुगतान के पश्चात् रोक कर रखी जावेगी। इस हेतु सुरक्षा जमा के रूप में 5 प्रतिशत राशि के अतिरिक्त, डिफेक्ट लायबिलिटी के रूप में, 5 प्रतिशत राशि, इस प्रकार कुल 10 प्रतिशत राशि, ठेकेदार के बिल से काटी जावेगी। यदि इस अवधि में निर्माण कार्य में किसी प्रकार का दोष उत्पन्न होता है, तो ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय से सुधार कार्य कराया जावेगा। ठेकेदारों को लिखित में सूचित करने के 15 दिवस के भीतर ठेकेदार द्वारा कार्य न कराये जाने पर, प्रभारी अभियंता द्वारा ठेकेदार की रिस्क एण्ड कॉस्ट पर, अन्य कर्मकारों द्वारा सुधार कार्य कराया जावेगा एवं सुधार कार्य पर किये गये व्यय की राशि (जिस बाबत् प्रभारी अभियंता का प्रमाणपत्र अंतिम होगा) उपरोक्तानुसार ठेकेदार की जमा 10 प्रतिशत राशि में से समायोजित कर ली जावेगी। दो वर्ष के पश्चात् प्रभारी अभियंता के द्वारा निरीक्षण में निर्माण कार्य की गुणवत्ता संतोषप्रद पाये जाने पर ठेकेदार से वसूली योग्य राशि के समायोजन पश्चात् शेष जमा राशि ठेकेदार को वापस की जावेगी। यदि सुधार कार्य के व्यय की राशि ठेकेदार की जमा राशि से अधिक रहती है तो अंतर की राशि उससे बकाया भू–राजस्व/नगद प्रतिभूति के रूप में वसूल की जावेगी।''

(एच. पी. शिवहरे)
**मुख्य अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय
मध्यप्रदेश भोपाल

पृ0क्रं0 169 /22/ वि–10 /ग्रायांसे/10, भोपाल, दिनांक 21/06/10

प्रतिलिपि :–

1. संचालक जन सम्पर्क संचालनालय जन सम्पर्क भवन बाण गंगा रोड भोपाल की ओर नियमानुसार प्रकाशन हेतु दस प्रतियों में प्रेषित।
2. महालेखाकार, मध्यप्रदेश ग्वालियर प्रथम टी0सी0–4 की ओर सूचनार्थ।
3. आयुक्त समस्त म0प्र0 की ओर सूचनार्थ।
4. अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मंडल इन्दौर।
5. कलेक्टर संबंधित जिला ।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबंधित जिला।
7. कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अलीराजपुर/झाबुआ की ओर भेज कर लेख है कि निविदा विज्ञप्ति जिला स्तर पर बेवसाइट पर अपलोड कराई जाए।
8. म0प्र0 शासकीय ठेकेदार एसोसिएशन–32 सुदंर नगर, पिपलानी, बी0एच0ई0एल0 भोपाल।
9. सूचना पटल संभागीय कार्यालय पर चस्पा हेतु।

मुख्य अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
विकास आयुक्त कार्यालय